हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 नवंबर 2025

04 जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास, पुलिस को...



07 कार सवार ठेकेदार से 50 हजार रुपए लूटकर...






## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

**सागर।** वर्तमान में जारी एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। जिले के विधानसभा क्षेत्र नरयावली के मतदान केंद्र क्रमांक 16 बेलईघाट पर कार्यरत बीएलओ श्रीमती शिखा साहू ऐसे ही श्रेष्ठ बीएलओ में शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. ने एसआईआर कार्य में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत ने बताया कि बीएलओ साहू द्वारा अब तक 84 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो जिले में सर्वाधिक है। उनके मतदान केंद्र से कुल 484 मतदाता जुड़े हैं, जिनमें से 408 मतदाताओं के गणना पत्रक वे डिजिटाइज्ड कर चुके हैं।

### जनसुनवाई में हुई 156 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 156 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 156 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जन सुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर पटवारी माधुरी दुबे निलंबित

**सागर।** कलेक्टरके निर्देशानुसार जैसीनगर अनुविभागीय अधिकारी रोहित वर्मा ने एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर पटवारी माधुरी दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। एसआईआर कार्य के दौरान जनपद पंचायत जैसीनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम तालचिरी, पटवारी हल्का नंबर 47, तहसील जैसीनगर में पदस्थ पटवारी श्रीमती माधुरी दुबे मौके पर अनुपस्थित पाई गईं। साथ ही बताया गया कि एसआईआर कार्य में बीएलओ को सहयोग प्रदान करने के पूर्व निर्देशों के बावजूद श्रीमती दुबे द्वारा न तो ग्राम में उपस्थित रहकर कार्य किया जा रहा था और न ही बीएलओ के साथ ई-एफ फार्म का डिजिटाइजेशन/कलेक्शन कराने में कोई भी सहयोग नहीं किया जा रहा था।

गौर उत्सव 2025 के संबंध में हुई पत्रकार-वार्ता

# डॉ. गौर को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिलाने में हम अवश्य सफल होंगेः कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक महान शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 156वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 19 नवंबर से 26 नवंबर तक 'गौर उत्सव' 2025 का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के सम्मेलन कक्ष में आयोजित पत्रकार-वार्ता कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। सागर शहर और विश्वविद्यालय परिवार अपने पितृ पुरुष की जयन्ती को मिल जुलकर उत्साहपूर्वक एक उत्सव के रूप में मनायेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. गौर के संकल्प और सपनों को साकार करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। विश्वविद्यालय में पूरे सप्ताह कई अकादमिक-सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. गौर को सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिलाने के लिए विश्व विद्यालय का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि डॉ. गौर को भारत रत्न मिले, इसके लिए विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। डॉ गौर को भारत रत्न दिलाने संबंधी प्रयासों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग इसके लिए पूर्ण प्रयासरत हैं। सांस्थानिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रयासों से हम डॉ.



गौर को देश का सर्वोच्च सम्मान दिलाने में हम जरूर सफल हो सकते हैं। उन्होंने पत्रकारों से भी अपील की कि उनके योगदान और कार्यों को लगातार प्रचारित करें ताकि हम एक मुहिम चला सकें और उन्हें भारत रत्न दिला सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय के आयोजनों में शहर वासियों और समस्त पत्रकार गणों से उत्साह पूर्वक सम्मिलित होने की अपील की।

गौर उत्सव आयोजन के मुख्य समन्वयक प्रो. आशीष वर्मा ने सात दिवसीय आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और दिनांक 19 से 26 नवम्बर तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परम्परानुसार शोभायात्रा निकाली जायेगी और गौर जयंती मुख्य समारोह विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा होंगे। गौर अतिथि के रूप में सागर लोकसभा की सांसद डॉ. लता वानखेड़े, मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. गोपाल भार्गव, सागर शहर के विधायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय नई दिल्ली के माननीय कुलपति प्रो. जी.एस. वाजपेयी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कन्हैयालाल बेरवाल करेंगे तथा सारस्वत उद्बोधन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर का होगा।

प्रो. वर्मा ने बताया कि गौर जयन्ती के दिन विश्व के सर्वश्रेष्ठ दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल विश्वविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इस वर्ष से गौर पीठ के तहत प्राप्त दान राशि से सिंगल गर्ल चाइल्ड और दिव्यांग श्रेणी में स्नातक प्रथम वर्ष के एक-एक मेधावी विद्यार्थियों को अध्ययन जारी रखने हेतु आर्थिक सहायता के रूप में पचीस हजार रूपये एक मुश्त राशि प्रदान की जायेगी। इस वर्ष से गौर जयन्ती के उपलक्ष्य में दिनांक 21 नवम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ शहरवासी भी भाग ले सकते हैं। समन्वयक प्रो. उमेश कुमार पाटिल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि गौर उत्सव केवल विश्वविद्यालय का ही आयोजन नहीं बल्कि पूरे सागर शहर का आयोजन है। उन्होंने कहा कि गौर उत्सव के विविध आयोजनों में शहर और विश्वविद्यालय से जुड़े प्रत्येक नागरिक का स्वागत और अभिनन्दन है और पत्रकार बंधुओं से अपेक्षा है कि मीडिया के माध्यम से डॉ. गौर जयन्ती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, उनके विचारों, कार्यों और सपनों को जन-जन तक पहुचाएं, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम का संचालन मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल ने किया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. उमेश कुमार पाटिल, कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय, डॉ. पंकज तिवारी, प्रो. राजेंद्र यादव, डॉ. राकेश सोनी, प्रवीण राठौर, समर्थ दीक्षित तथा सागर शहर के सम्माननीय पत्रकार गण मौजूद रहे।



## गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड मकरोनिया जिला सागर के खिलाफ कृषकों की शिकायत पर कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा कंपनी की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक लवलेश सिंह राजपूत, शोभाराम लोधी एवं सलिल दुबे एवं उनके कुछ कर्मचारी आशीष चौबे, राजकुमार सेन द्वारा बिना लाइसेंस के प्रोम एवं जाइम जैसी खाद का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। ग्राम चनौआ एवं ग्राम रतनपुरा गढ़ाकोटा में कई किसानों के फील्ड पर कृषि विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया और किसानों के कथन भी लिए गए। जांच में प्रथम दृष्टया कंपनी द्वारा प्रोम एवं जाइम खाद का विक्रय किया जा रहा है, जिसमें कंकर-पत्थर मिक्स पाया गया है। साथ ही जो जाइम लिक्विड फॉर्म में किसानों को बेचा गया है, किसानों द्वारा बताया गया कि इसका भी परिणाम अच्छा नहीं है। कृषक जिनमें चनौआ से रामजी विश्वकर्मा, चुरामणि कुर्मी, मोहन विश्वकर्मा, ग्राम रतनपुरा गढ़ाकोटा के कृषक घासीराम कुर्मी, अनिल कुर्मी एवं अन्य के द्वारा बताया गया कि लाखों रुपये का खाद खरीदने के बाद भी परिणाम अच्छा नहीं है, जिसकी वजह से हम सभी किसान शिकायत कर रहे हैं। कृषि विभाग की टीम द्वारा कृषकों के पास उपलब्ध खाद के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेज दिए गए हैं। साथ ही गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में वैधानिक दस्तावेज जैसे लाइसेंस इत्यादि न होने की वजह से फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 की धारा 7 एवं एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट की धारा 3/7 के तहत पुलिस प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कराई गई।



## कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ संदीपनी विद्यालय बंडा का किया निरीक्षण

**सागर।** शिक्षक बच्चों को सर्वांगीण विकास परख शिक्षा प्रदान करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर. ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ संदीपनी विद्यालय बंडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी., एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने बंडा के संदीपनी विद्यालय के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि विद्यालय समय पर संचालित हो और सभी शिक्षक प्राचार्य सहित अपनी-अपनी जिम्मेदारी के साथ पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय के कक्षाओं की स्वच्छता, पंखे-लाइट की स्थिति, बच्चों के बैठने की व्यवस्था और पाठ्यसामग्री के उपयोग की जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी शिक्षण गतिविधियाँ नियमित और प्रभावी ढंग से संचालित हों। सभी शिक्षक प्राचार्य सहित विद्यालय संचालन के 15 मिनट पूर्व विद्यालय में उपस्थित हो, विद्यालय में प्रार्थना के समय 10 मिनट का योग एवं सुविचार की जानकारी दे।विद्यालय के वॉशरूम, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुविधा के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण आवश्यक है।

## जनजातीय गौरव दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संदेश हैः डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर में जनजातीय दिवस विरसा मुण्डा की जन्मशताब्दी को दृष्टिगत करते हुए, कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कार्यषाला का आयोजन किया गया। जिसका का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सर्वप्रथम इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन भारतीय स्त्रीशक्ति सागर की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी द्वारा दिया गया, उन्होंने कहा कि जन जातीय गौरव दिवस'' न केवल इतिहास का सम्मान है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र की विविधता के प्रति गर्व का प्रतीक भी है। भारत की पहचान उसकी बहुलता, विविध सांस्कृतिक और सामूहिक विरासत में निहित है। इस विविधता का महत्वपूर्ण स्तंभ है- जनजातीय समाज। उनकी परंपराएँ, कला, लोक-संगीत, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सामुदायिक जीवन की भावना भारतीय संस्कृति को एक विशिष्ट रूप प्रदान करती है। यह दिवस विशेष रूप से हमें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के महान




बलिदान और नेतृत्व की याद दिलाता है। उन्होंने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध उलगुलान अर्थात महान आंदोलन का नेतृत्व किया। उनका संघर्ष हमें यह सिखाता है कि किसी भी अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के लिए उम्र नहीं, बल्कि साहस और संकल्प की आवश्यकता होती है। जनजातीय गौरव दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संदेश है। समावेशी विकास ही सशक्त भारत का मार्ग है। हम सब मिलकर ऐसी सोच और प्रयास विकसित करें, जिससे जनजातीय समुदायों का गौरव न केवल सुरक्षित रहे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने। जब हम जनजातीय गौरव दिवस मनाते हैं, तो यह सिर्फ इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी का एहसास भी है। आज भी कई जनजातीय समुदाय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। विकास और आधुनिकता के साथ-साथ उनकी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण करना हमारा सामाजिक दायित्व है। इसके उपरान्त आपदा प्रबंधन में संस्था के ए के सिंह द्वारा अग्नि सुरक्षा से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इसके साथ ही संस्था की विभागाध्यक्ष-फैशन एवं इन्टीरियर डेकोरेषन शैलबाला बैरागी द्वारा छात्र-छात्राओं को टाइ एण्ड डाई, साबुन बनाने और बाटिक प्रिन्ट करने का प्रषिक्षण स्वरोजगार और स्वेदशी की भावना को जागृत करने के लिए दिया गया। इस अवसर पर आभार ज्ञापन नरेश केशरवानी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर ज्योति गौतम, मंजीता दुबे, दीपिका जैन, अल्पेश शर्मा एवं छात्र-छात्राओं गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।




## दुगाहा कलॉ, खिरिया कलॉ, ललोई में 13 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**सागर।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने ग्राम दुगाहा कलॉ, ग्राम खिरिया कलॉ और ग्राम ललोई के शासकीय विद्यालयों में कुल 13.50 लाख रूपये के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करने के साथ ही ललोई हाई स्कूल में विद्यार्थियों को निःशुल्क साईकिलें वितरित की। उन्होंने दुगाहा कलॉ, खिरिया कलॉ और ललोई के विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज ललोई के लिए अत्यंत सौभाग्य का दिन है। आपके पूर्व गृह मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से गांव में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि ललोई में पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, ललोई से आसोली मार्ग, हाई स्कूल का उन्नयन एवं नवीन भवन, शासकीय हाई स्कूल व माध्यमिक शाला में बाउंड्रीवॉल, अहिरवार समाज का सामुदायिक भवन, नल-जल योजना, स्कूल परिसर में चबूतरा एवं टीनशेड, पेयजल टैंकर तथा फर्श निर्माण आदि अनेक कार्य कराए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल मरम्मत से बच्चों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा निःशुल्क साइकिल वितरण से दूर-दराज से आने वाले बच्चों को गर्मी, बारिश व कड़ी धूप से राहत मिलेगी। बच्चे समय पर स्कूल पहुंच सकेंगे और पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने बच्चों से अच्छे से पढ़ने-लिखने, अनुशासन बनाए रखने और बड़े पदों पर पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही बच्चों का संपूर्ण विकास संभव है। खेल-कूद के क्षेत्र में भी खेल मैदान बनवा रहे हैं और प्रतियोगिताएं करा रहे हैं ताकि बच्चे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकें।महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह करने पर सरोज भूपेन्द्र सिंह ने प्रसन्नता जताई और इसे बहनों के लिए सबसे बड़ी सौगात बताया। इससे बहनें आत्मनिर्भर हुई हैं और घर-गृहस्थी के साथ बच्चों की जरूरतें आसानी से पूरी कर पा रही हैं। अंत में सरोज भूपेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि क्षेत्र में आपके पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने इतने कार्य कर दिए हैं कि कोई गांव ऐसा नहीं बचा जहां विकास न पहुंचा हो। जो भी शेष कार्य बताए जाएंगे, उसे भी शीघ्र पूरा कराया जाएगा। उन्होंने सभी बच्चों एवं छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जी.पी.अहिरवार बीईओ, अरविन्द मिश्रा प्राचार्य, शिवलाल अहिरवार, ज्योति दांगी शिक्षक, राजेश्वरी दांगी, मीना देवी कुशवाहा न.परि.अध्यक्ष, बुंदेल सिंह जनपद अध्यक्ष, बादल सिंह सरपंच, नीतेश कुमार यादव, निरंजन सिंह ठाकुर, वीर सिंह ठाकुर, रामरतन यादव, तोरण राय, मेहरवान सींग, दिनेश सिंह ठाकुर, नितिन ठाकुर, बलवीर सिंह, राजपाल सिंह राजपूत, अरविंद लोधी, सुरेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

महापौर की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक की सम्पन्न

# शहर से आवारा पशुओं को मुक्त करने हेतु महापौर परिषद ने पहल प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में समस्त महापौर परिषद सदस्यों, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं सभी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें नगर विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिये गये। बैठक में मुख्यमंत्री मछुआ समृध्दि योजना अंतर्गत स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य हेतु काकागंज वार्ड श्मशानघाट एवं एम.आर.एस.सेंटर के बाजू से रिक्त भूमि पर फिश पार्लर निर्माण के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई। नगर निगम का पुराना रिकार्ड रूम पुरानी बिल्डिंग में है अतः रिकार्ड को सुरक्षित, व्यवस्थित रखने एवं रिकार्ड का डिजीटीलाईजेशन करने के संबंध में निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि काकागंज वार्ड स्थित फायर स्टेशन की बिल्डिंग में पर्याप्त जगह है। अतः नगर निगम का रिकार्ड रूम फायर स्टेशन बिल्डिंग में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के पत्र अनुसार अमावनी स्थित इनट्रीम फेस के कचरे का निष्पादन स्मार्ट सिटी द्वारा करने, संचालनालय के पत्र अनुसार बिन्दु क्रमांक 1, सागर एम.एस.डब्ल्यू. द्वारा गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित न करने, कचरा गाड़ियों का मेटेंनेंस एवं आवश्यकता अनुसार



नई गाड़ियॉ डेप्लॉय करने एवंआई.एस.डब्ल्यू. एम.प्लांट पर प्रसंस्करण आदि कार्य के संबंध में निर्णय लिया गया कि सभी 12 यू.एल.बी.से बराबर-बराबर राशि ली जाय, सागर नगर निगम अपनी राशि देने तैयार है। इसके साथ ही नगर निगम सागर की कचरा गाड़ियां काफी पुरानी हो गई है। उनको बदलकर नई गाड़ी कचरा एकत्रित करने हेतु लगायी जावे। जलप्रदाय योजना अंतर्गत मकरोनियॉ नगर पालिका को 1 अप्रैल 2024 से बल्क में जलप्रदाय किया जा रहा है। जिसकी अक्टूबर माह तक की बकाया राशि बल्क कनेक्शन लगभग रू. 7 करोड़ बकाया है, जिसकी वसूली हेतु अनेकों पत्र एवं व्यक्तिगत संपर्क किया गया, राशि अप्राप्त है। अतः जलकर वसूली के संबंध में निर्णय लिया गया कि राशि जमा करने हेतु 1 जनवरी 2026 का समय दिया जावे, शासन द्वारा चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से कटौतीकर नगर निगम सागर को राशि देने हेतु पत्र भेजा जावे। जो राशि उपभोक्ताओं से लेना है उनकी वसूली हेतु केम्प लगाये जावे। मकरोनियॉ नगर पालिका से अनुबंध करने के लिये एक सप्ताह का समय दिया जावे, और अगर उनके द्वारा अनुबंध नहीं किया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाये। आवास योजनाओं के अंतर्गत निर्मित कराये गये आवासों में नल कनेक्शन लगे हुये है जो नगर निगम रिकार्ड में स्वीकृत नहीं है। जिससे जलकर की वसूली नहीं हो पा रही है। अतः आवास आवंटित दिनांक से नल कनेक्शन रिकार्ड में दर्ज कर जलकर वसूली करने के संबंध में निर्णय लिया गया कि आवंटन दिनांक से जलकर की राशि ली जावे, 3 दिवस में राजस्व अधिकारी डिमांड बनाकर प्रस्तुत करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत महाराजा छत्रसाल नगर आवासीय कालोनी में दो अस्थायी कनेक्शन लिये गये है अतः संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के पत्र अनुसार 2 अस्थायी विद्युत कनेक्शनों को विच्छेद करने का निर्णय लिया गया। म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र अनुसार राज्य नगर पालिका सेवा नगरीय स्थानीय निकायों के अधिकारी ध कर्मचारियों की 30 जून अथवा 31 दिसम्बर की सेवानिवृत्ति के उपरांत आागामी तिथि पर वेतनवृद्वि स्वीकृत की गई। राजीवनगर कालोनी शिवाजीनगर वार्ड में आवंटन की जांच हेतु महापौर परिषद प्रस्ताव क्रमांक 5 दिनांक 29.09.2023 द्वारा गठित जांच समिति के प्रतिवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यालय कलेक्टर शहरी विकास जिला सागर के पत्र एवं संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र.भोपाल के पत्र अनुसार शासन द्वारा नवीन फायर स्टेशन निर्माण करने हेतु सैध्दांतिक सहमति दी गई है। इस हेतु नगर निगम स्वामित्व की भूमि जो बम्होरी तिराहा पर पुराना सम्पबेल निगम अधिपत्य में है, उक्त भूमि पर फायर स्टेशन निर्माण कराने, गौशाला निर्माण एवं कुत्तों के लिये डॉग सेल्टर बनाने के लिये स्वीकृति प्रदान की गई।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### युवा संघ ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**ललितपुर।** स्थानीय युवा संघ ने सर्दी से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के लिए गर्म कपड़े वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर गरीब एवं असहाय लोगों को स्वेटर, जैकेट, शॉल सहित ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराए गए। सेवा गतिविधि में नितिन पंथ, अंश, अनुभव, हर्ष, आदित्य, आसवेन्द्र, कुंवरजी, ऋषि और मोहित सहित संघ के कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सदस्यों ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों ने युवा संघ की इस पहल की सराहना की और कहा कि समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूती प्रदान करते।

### चोरी की बाइक समेत पकड़ा गया बदमाश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने दर्ज मु.अ.सं. 1325/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित रामनगर निवासी अमित सोनी उर्फ मोनू भैया पुत्र अरविन्द कुमार उर्फ रज्जूलाल को मुखबिर की सूचना पर हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के पास से चोरी की मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 आर 0893 टीवीएस स्पोर्ट्स को बरामद किया है। चोर को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व उ.नि. मनोज खान शामिल रहे।

### पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नई बस्ती क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 18 साल 3 माह वर्ष की पुत्री बीती 15 नवम्बर को रात करीब 11 बजे खाना खाकर घर में सो गयी थी। अगली सुबह 6 बजे जब वह सोकर उठा तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन पुत्री नहीं मिली। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला संजू पंथ पुत्र हरीराम उसकी पुत्री को अपनी बातों में बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। यह भी आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखे एक लाख रुपये भी साथ में ले गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजू पंथ के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीती 15 नवम्बर को प्रतिदिन की भांति राजकीय इण्टर कॉलेज बार में कक्षा 12 में पढने के लिए सुबह 9 बजे घर से निकली थी, जिसके बाद वह घर लौटकर नहीं आयी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को गांव का भरत पुत्र ग्यासी अहिरवार बहला-फुसलाकर भगा लग ले गया है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### टैक्सी की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत अखाड़ा मोहल्ला में रहने वाली अकल बाई पत्नी विजय अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 नवम्बर को रात करीब 10 बजे उसके पति विजय पुत्र मुन्ना अहिरवार खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से जाखलौन निवासी अनिल पुत्र गुलाब प्रजापति ने तेजी व लापरवाही से टैक्सी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान विजय को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। बताया कि इस घटना के दौरान पुष्पेन्द्र पुत्र कल्लू अहिरवार व ईलू पुत्र रामसहाय रजक मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## सीनियर डिवीजन के न्यायालय ने स्थगन आदेश दिया है

# जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास, पुलिस को देख जेसीबी लेकर भागे 3 दर्जन लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सिविल जज सीनियर डिवीजन की न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त होने के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर भारी-भरकम मशीनों को ले जाकर बलपूर्वक अवैध कब्जा करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्राम पनारी निवासी जाकिर खां उर्फ जाकिर राज चौहान पुत्र स्व.सगीर खां ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे वह अपने घर में था। तभी लेखपाल, कानूनगो व राजस्व कर्मी एकत्र होकर आये और उससे कहा कि एसडीएम के आदेश पर जमीन की नाप करना है। प्रकरण में जब आराजी नं. 207 व 208 का सिविल जज सी.डि. से स्थगन आदेश दिखाया गया, जिस पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके से चले गये। आरोप है कि इसी बीच नदीपुरा निवासी अकरम अपने साथ ग्राम घटवार व आजादपुरा में रहने वाले कुछ लोगों को लेकर आये। इनके साथ तीन से चार दर्जन लोग और भी हथियारों से लैस होकर मौके पर थे।

### दहशत फैलाने का भरसक प्रयास करने का आरोप

आरोप है कि उक्त लोगों ने दहशत फैलाने का भरसक प्रयास किया और स्थगन आदेश के बावजूद भी जमीन में लगी तार फेंसिंग, पत्थर गड्डी को जेसीबी मशीन से तोड़ते हुये जमीन में घुस गये और कब्जा करने का प्रयास किया। करीब एक घण्टा बाद उसने जेसीबी चलाने से मना किया तो उक्त लोग हमला करने पर आतुर हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुये षडयंत्रपूर्वक झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर कुछ ही समय पश्चात पुलिस मौके पर आ पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जेसीबी लेकर भाग गये। आरोप है कि उक्त लोग जमीनों की खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं और उक्त जमीन बेशकीमती होने के चलते इस पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। उक्त लोगों पर शिकायतकर्ता ने जानमाल का खतरा होने की संभावना व्यक्त करते हुये एसपी से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## नपाध्यक्ष का स्वागत किया

# कर्मचारी नेता मंजीत करौसिया ने 500 कर्मी को बढ़ाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नंबर 4 मोहल्ला गांधीनगर में हुए निरीक्षण के दौरान कर्मचारी नेता मंजीत करौसिया के निज आवास पर अध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने नपा अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ, फूल माला, शॉल, श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके कार्य की सराहना की गई। इस दौरान कर्मचारी नेता ने अध्यक्ष के सामने सफाई कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान कर्मचारी नेता ने बताया कि ललितपुर नगर का सीमा विस्तारण काफी हद तक हो गया है। कर्मचारियों की कमी के चलते साफ सफाई व्यवस्था समस्त वार्डों में किये जाने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि 500 कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया जाये, जिससे कि सफाई कार्य में असुविधा न हो, इसके अलावा कर्मचारी नेता द्वारा आऊट सोर्सिंग कर्मचारियों को समय से वेतन दिलाये जाने की मांग की गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया।

स्वागत के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अरविंद राजा, विवेक जैन (जिमी), कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करौसिया प्रदेश कार्य वाहक अध्यक्ष, दयानंद तिवारी, मनोज पंथ, जितेन्द्र करौसिया, संजय करौसिया, वृजेश नहारिया, अमित करौसिया, अमन बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# मेडीकल कॉलेज में ईएनटी की सहायक आचार्य डा. नम्रता, डा. अनुपम मिश्रा ने किया ऑपरेशन

## शुरू हुआ थाईराइड ट्यूमर का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में विगत 4 नवम्बर को प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के मार्ग दर्शन में नाक, कान, गला विभाग की टीम द्वारा मरीज की थाईराइड की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया।

58 वर्षीय प्राणपुरा निवासी महिला ने ईएनटी ओपीडी में विभागाध्यक्ष डा.नम्रता द्विवेदी को अपनी 01 वर्ष से बढ़ रही थाईराइड ग्रांथि की समस्या के लिए दिखाया था। इसके बाद डा.नम्रता द्विवेदी द्वारा मरीज की सभी जरूरी जांचे मेडिकल कॉलेज में करवाई गई। तत्पश्चात मरीज का पूरी बेहोरी में निश्चेतना विभाग के विरष्ठ परामर्शदाता डा.महेन्द्र सिंह व नाक, कान, गला विभाग की सर्जन टीम सहायक अचार्य डा.नम्रता द्विवेदी, सहायक अचार्य डा.अनुपम मिश्रा व सहायक अचार्य डा. श्रृद्धा गुपता एवं सिस्टर दीप्ती स्वर्णकार द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पूर्ण रूप से स्वास्थ्य है। मरीज ने प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला व ई.एन.टी. टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब मेडिकल कॉलेज में सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुवधियें दी जायेगी एवं ललितपुर क्षेत्र के मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा।

## शहर कोतवाल व टीएसआई ने चलाया जागरूकता अभियान

# यातायात नियमों का पालन कराने सड़कों पर उतरे यमराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी व यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से और आम जन मानस में हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रति जागरूकता बढने के लिए रचनात्मक यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जनपद की नाटक मंडली के एक कलाकार को यमराज का रूप धारण कर राहगीरों और वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करने के साथ -साथ सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 207 वाहनों का चालान किया गया।

## गेटेम्बे फाउंडेशन की बेटियां जीती

# अब बिना पक्ष सुने नहीं होगी शिक्षकों पर कोई कार्रवाई

**ललितपुर।** प्रदेश के शिक्षकों के लिए राहतभरी बड़ी खबर सामने आई है। लगातार समय से विभिन्न जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को उठाने वाली संस्था गेटेम्बे फाउंडेशन (ग्लोबल एमपावरमेंट टीम मिशन बेटियां) की मिशन बेटियां द्वारा पहल पर शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी शिक्षक या कर्मचारी पर उनका पक्ष सुने बिना कोई भी प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होगी। यह आदेश प्रदेश के लाखों शिक्षकों के लिए न्याय और सुरक्षा की दिशा में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर लगातार सक्रिय रही संस्था पिछले काफी समय से अलग अलग जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर दस्तावेज आधारित रिपोर्ट तैयार करती रही है। अनुचित कार्रवाई और पक्ष न सुने जाने की शिकायतें सामने आने पर संस्था ने इसे शासन स्तर पर उठाया। डॉ. जीत ने बताया की शिक्षकों एवं आमजन में बढ़ा संस्था पर विश्वास निरन्तर बढ़ता ही जा रहा हैं। आदेश के बाद पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. मुनीर का कहना है कि पहली बार किसी संस्था ने हमारी बातों को सही तरीके से ऊपर तक पहुँचाया है एवं शिक्षक समाज के साथ सदैव रहने का काम किया हैं। गेटेम्बे फाउंडेशन की मिशन बेटियां की विशेषता है की यह बिना विवाद, बिना शोर, बिना राजनीति के केवल सकारात्मक और प्रमाणित कार्रवाई । इसी कारण अब शिक्षक खुलकर कहने लगे हैं कि यदि हम एकजुट होकर गेटेम्बे फाउंडेशन के मिशन बेटियां कार्यक्रम के साथ खड़े हों तो कोई भी अन्याय नहीं टिक सकता। डा.जीत गुप्ता ने कहा की अब टीम मिशन बेटियाँ शिक्षकों की पहली पसंद बन रही हैं क्योंकि समस्याओं का वास्तविक समाधान, पारदर्शी कार्यशैली, प्रशासनिक व कानूनी समझ, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक रुख, हर शिक्षक को सुरक्षा का भरोसा, सेवा, समर्पण पर आधारित संगठन उन्होंने कहा संस्था का स्पष्ट संदेश शिक्षक सम्मानित होंगे तो शिक्षा मजबूत होगी।

## मोबाइल फोन व 6500 नकदी बरामद

# गिरफ्तारी अभियान में शातिर चोरों को सौजना पुलिस ने धर दबोचा



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछितों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सौजना पुलिस ने दर्ज मुकद्दमा मु.अ.सं. 179/25 धारा 331(4), 305(सी) बीएनएस की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये मड़ावरा के ग्राम चौमऊ निवासी चाली राजा पुत्र दरयाव सिंह, ग्राम रमेशरा निवासी सुमित उर्फ अमित राजा पुत्र नत्थूसिंह, ऋषिकेश उर्फ विक्की राजा पुत्र हरीशंकर सिंह व ग्राम जखौरा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र नाहर सिंह को ग्राम कुसमाड़ सौजना के पास से हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी का मोबाइल फोन व 6500 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि चारों शातिर बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी है। चोरों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि. मुलायम सिंह, हे.का.बृजबिहारी सेंगर, का.गौरव कुमार, का.हिमांशु श्रीवास्तव, म.का.चंचल शर्मा आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने किया मामला दर्ज

# मुकदमे में नामजद युवक ने दूसरी युवती के आधार कार्ड का किया दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

धोखाधड़ी करते हुये आधार कार्ड का षडय़ंत्र पूर्वक दुरुपयोग करते हुये छवि दूषित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण को लेकर युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर एफआईआर दर्ज करायी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चंदेरी के वार्ड नं. द्वितीय पंचमनगर निवासी साक्षी परमार पुत्री महेन्द्र सिंह परमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को ललितपुर कोतवाली से पुलिस उसके घर पहुंची। उप निरीक्षक कुलदीप राणा ने उसके चाचा गजेन्द्र सिंह परमार के मोबाइल पर फोन किया और बताया कि उसका आधार कार्ड नम्बर का प्रयोग यश प्रताप सिंह चौहान नाम के व्यक्ति द्वारा देहरादून के होटल इलेजी एवं ओरछा के होटल ओरछा रिसोर्ट एण्ड क्लब में बीती 28 अगस्त 2025 एवं 27 जून 2025 को प्रयोग में लाया गया है। युवती ने बताया कि जबकि उक्त तारीखों में वह अपने कार्यालय भोपाल में उपस्थित रही है। बताया कि उक्त यश प्रताप सिंह चौहान के द्वारा उसका आधार कार्ड का दुरुपयोग करना कोतवाली ललितपुर में सौम्या बुन्देला द्वारा पंजीकृत कराये गये मुकद्दमें में प्रकाश में आया है। आरोप लगाया कि यश प्रताप सिंह चौहान द्वारा धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से उसके आधार कार्ड का षडय़ंत्रपूर्वक दुरुपयोग कर उसके समाज व परिवार में सामाजिक छवि दूषित की गयी है, जबकि उसे यह नहीं पता कि यश प्रताप के पास उसका आधार कार्ड कैसे पहुंचा, कब पहुंचा और वह उसे निजी तौर पर जानती भी नहीं हैं। साक्षी परमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**समाज व परिवार में सामाजिक छवि दूषित की गई है**

## डीएम को भेजा ज्ञापन

# एमईएस ग्राउंड को खेलों के लिए आरक्षित करने की मांग



**ललितपुर।** विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त होने के बाद इलाइट के पास बना एमईएस खेल मैदान को खेल कार्यक्रमों के लिए ही आरक्षित रखे जाने की मांग को लेकर युवाओं ने ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त हो गयी है, जिसे आवास-विकास बोर्ड को सौंपने की तैयारी है। उपरोक्त भूमि में इलाइट चौराहे, रामनगर रोड ललितपुर स्थित एमईएस ग्राउण्ड भी शामिल है। जिसमें शहर के समस्त खिलाडिय़ों को वर्षों से प्रतिदिन खेल व शारीरिक गतिविधियों में दौड़ करते हैं। साथ ही विभिन्न टूर्नामेंट आदि का आयोजन होता है। यदि यह ग्राउण्ड आवासीय कालोनी में चला जाता है तो भविष्य में शहर का एक मात्र खेल ग्राउण्ड समाप्त हो जायेगा और शहर के मध्य खेल क्रियाओं में नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। युवाओं ने डीएम से मामले में सर्वे कराकर एमईएस ग्राउण्ड को खेल के लिए आरक्षित रखे जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय आरिफ खान, विक्रम सिंह, जितेन्द्र विश्वकर्मा, चन्द्रेश कुमार, कपिल चौहान, नितांश विश्वकर्मा, मनीष गौतम आदि मौजूद थे।

## बम्हौरीकलां गांव में बिक रही अवैध शराब का विरोध

# महिलाओं ने एडीएम का घेराव कर शराबबंदी कराने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बम्होरीकलां में अवैध शराब की बिक्री के विरोध में 50 से अधिक महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव का घेराव किया। महिलाओं ने तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद अपर जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बम्होरी कलां निवासी इन महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को बताया कि उनके गांव में पांच लोग खुलेआम अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं।

इस कारण लोगों को 24 घंटे आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। महिलाओं ने शिकायत की कि शराब पीने से उनके पति और बेटे बीमार हो रहे हैं, और कई लोग शराब के लिए घर का सामान तक बेच देते हैं। जब वे शराब बिक्री का विरोध करती हैं, तो अवैध शराब बेचने वाले उन्हें धमकी देते हैं। महिलाओं ने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर भी अवैध शराब विक्रेताओं से हर महीने पैसे लेने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे आगे भी प्रदर्शन करेंगी। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने तत्काल आबकारी अधिकारी को मौके पर बुलाया और अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों पर



कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आबकारी विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की जाएगी। ज्ञापन देते समय विजय सिंह, मंगल सिंह, जगभान, मुन्नालाल, फूला, रेखा, सुमित्रा, रामकली, फूलकली, गौरा, अतलबाई, विनीता, कौशल्या, भागवती, रामा, लाड़कुंवर, रामवती, मीरा, श्रीबाई, कुसुम, नीलम के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

### विजयपुर में लूट की वारदात, 2 बदमाश नामजद, 2 अज्ञात

# कार सवार ठेकेदार से 50 हजार रुपए लूटकर भागे चार बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में हुए मर्डर को लोग अभी भूल भी नहीं पाए थे कि अब विजयपुर थाना क्षेत्र में एक लूट की वारदात घटित हो गई। गोहटा रोड पर हुई इस वारदात के दौरान चार बदमाश कार सवार ठेकेदार से 50 हजार लूटकर भाग निकले। फिलहाल चारों बदमाश फरार बने हुए हैं, जिनमें दो बदमाश तो नामजद हो गए हैं, लेकिन दो बदमाश अज्ञात बताए गए हैं। इस वारदात से विजयपुर क्षेत्र में एक बार फिर दहशत की स्थिति निर्मित हो गई है। लूट की वारदात को अंजाम देकर भागे चारों बदमाशों के खिलाफ लूट और डकैती की धाराओं में मामला दर्ज करने वाली विजयपुर थाना पुलिस दावा कर रही है कि एफआईजार दर्ज करने के साथही बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही अज्ञात बने बदमाशों को नामजद करते हुए चारों बदमाशों को अरेस्ट करके सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा।




### डरते हुए थाने पहुंचे ठेकेदार ने दर्ज कराई एफआईआर

लूट की इस वारदात के बाद डरे ठेकेदार ने रात को विजयपुर थाने पहुंचकर इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई। इस दौरान ठेकेदार ने दो बदमाशों को पहचाने और दो बदमाशों को नहीं पहचाने की बात भी पुलिस को बताई। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में ठेकेदार होकम सिंह रावत की रिपोर्ट पर चार बदमाशों के खिलाफ लूट और डकैती की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। जिसमें दो आरोपी डब्बू जादौन और रानी जादौन निवासी काठौन नामजद और दो आरोपी अज्ञात है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम अनीदा निवासी होकम सिंह 38 वर्ष पुत्र सुगनलाल रावत ठेकेदारी का करता है। सोमवार की रात पौने नौ बजे के आसवास जब वह अपनी कार से अपने गांव अनीदा जा रहा था,तभी गोहटा रोड पर उसे एक कार बीच सडक पर खडी मिली। जिसे हटाने के लिए होकम सिंह ने हॉर्न बजाया तो कार में चार लोगो ने कार को एक तरफ करने के बजाए उसमें से उतरकर ठेकेदार से गाली गलौच करते हुए उसकी गिरेवां पकड ली और उसकी कार की चाबी, मोबाइल और कार के अंदर बैंग में रखे 50 हजार रूपए लूटकर भाग गए। इस दौरान चार बदमाश थोडी दूर जाकर उसका मोबाइल और कार की चाबी पटक गए,लेकिन 50 हजार रूपए तो अपने साथ लेकर भाग गए।

### इधर चंबल नदी में नहाने गए ग्रामीण को खींच ले गया मगरमगच्छ, दो दिन बाद मिला शव

श्योपुर। चंबल नदी में नहाने के लिए उतरे एक ग्रामीणा को मगरमच्छ खींचकर ले गया। जिसका शव दो दिन बाद क्षतविक्षप्त स्थिति में मिला है। यह मामला वीरपुर थाना क्षेत्र में नितवानस गांव के पास चंबल नदी किनारे का है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर मौका मुआयना किया। उस समय तो शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी,लेकिन बाद में शव की पहचान ग्राम बडागांव निवासी गनपत जाटव के रूप में हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वीरपुर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि सोमवार की शाम को सूचना मिली कि नितनवास गांव के पास चंबल नदी किनारे एक व्यक्ति का शव पडा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा तो शव अज्ञात था,लेकिन क्षत विक्षित्त हालत में था,प्रारंभिक जांच के दौरान यह ऐसा लग रहा है कि किसी जानवर ने उस पर हमला किया है। चूंकि चंबल नदी नजदीक है,इसलिए अंदेशा है कि उसे मगरमच्छ ने ही नदी में नहाते समय हमला करके जख्मी किया है। जब मगरमच्छ ने उसे छोडा, तब उसका शव नदी किनारे मिला है। मृतक की पहचान गनपत जाटव 67 वर्ष पुत्र नैने जाटव निवासी बडागांव के रूप में हुई है। जो दो तीन दिन पहले अपने गांव से रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर निकला था।

**इनका कहना..**

लूट की वारदात को अंजाम देकर भागे चारो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही अज्ञात बने दोनों बदमाशों को नामजद करते हुए चारो बदमाशों को अरेस्ट कर लिया जाएगा।

राघवेन्द्र सिंह तोमर
एसडीओपी,विजयपुर

### स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने पत्रकार वार्ता आयोजित

# श्योपुर जिले में लगाए जाएंगे 30 हजार 546 से अधिक स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्मार्ट मीटर अभियान के तहत श्योपुर जिले में 30 हजार 546 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाएंगे जिसमें से अब तक 474 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए। स्मार्ट मीटर से अनेक फायदे हैं, जैसे रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं होती है, मीटर रीडर भी घर पर रीडिंग लेने नहीं आता है, ऑटोमैटिक सटीक व पारदर्शी रीडिंग होती है। उपभोक्ता रियल टाइम खपत का डाटा भी देख सकते हैं। अगले महीने कितना बिल आ सकता है, यह फॉरकास्ट भी उपाय एप के माध्यम से देख सकते हैं।

यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सीके पवार ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पंचायत सभागार, श्योपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्योपुर वृत्त एलएन पाटीदार, उपमहाप्रबंधक (साउथ डिवीजन) मो आसिफ इकबाल, प्रतीक टुडेंलकर, भदौरिया, लवलेश पनिका सहित बिजली कंपनी के अन्य अधिकारी एवं भोपाल से आये वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी सहित जिले के विभिन्न समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पत्रकार वार्ता में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सीके पवार ने अधिक से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का आव्हान किया तथा पत्रकारों के प्रश्नों के जबाव देते हुए मीडिया से प्राप्त फीडबैक के अनुसार कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा दिये गये सुझावों को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए अमल में लाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाधान योजना 2025-26 पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा महाप्रबंधक एलएन पाटीदार द्वारा योजना के संबंध में भी प्रस्तुतीकरण दिया गया।




### रीडिंग लेने आने की आवश्यएकता नहीं, उपभोक्ता स्वयं कर सकते हैं खपत की निगरानी

बिजली कंपनी महाप्रबंधक सीके पवार ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद परिसर में रीडिंग लेने आने की जरूरत नहीं होती है, ऑटोमेटिक सटीक रीडिंग होती है। मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने से गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होती है। उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की विद्युत खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया कि दैनिक के साथ -साथ सप्ताहिक अथवा मासिक खपत आसानी से देखी जा सकती है, और बिजली की कितनी खपत हो रही है, अगले महीने उसका कितना बिल आ सकता है, उसका पूर्वानुमान भी आसानी से लगाया जा सकता है। उपभोक्ता स्वयं भी ऊर्जा खपत की निगरानी कर सकते हैं, इसके लिए हर 15 मिनट में डाटा अद्यतन हो रहा है।

# 21 सदस्यीय स्काउट गाइड दल भाग लेने के लिए लखनऊ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट एमएल गर्ग के निर्देशन में श्योपुर जिले से भारत स्काऊट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर का 21 सदस्यीय दल राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी एवं 19वीं स्काउट गाइड राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने के लिए मंगलवार को लखनऊ रवाना हुआ। जंबूरी का आयोजन लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है। जिला सचिव रोशन लाल गर्ग ने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड संस्था का आजाद भारत में 75वां स्थापना दिवस भव्य एवं आकर्षक रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का 23 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया जाएगा एवं 29 नवंबर को भारत गणतंत्र की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा भव्य समापन किया जाएगा। इसमें देश और विदेश के 38000 से अधिक स्काउट- गाइड एवं उनके अधिकारी भाग लेंगे।श्योपुर से रवाना हुए 21 सदस्यों के दल में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से स्काऊट पवन प्रजापति एवं गाइड डिंपी प्रजापति, शासकीय कन्या उमावि श्योपुर से गाइड पायल रेगर एवं नंदिनी रेगर, शासकीय सांदीपनि उमावि श्योपुर से गाइड राशि गोयल, शासकीय श्री हजारेश्वर उमावि श्योपुर से स्काउट भानु प्रताप जांगिड़, शासकीय सांदीपनि उमावि बड़ौदा से स्काउट शिवम सेन एवं सागर सुमन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुर से स्काउट अर्पण सोनी एवं गाइड राजकुमारी गुर्जर, शासकीय सांदीपनि उमावि विजयपुर से स्काउट व्योम चंद्रवंशी, शासकीय उमावि इकलौद से स्काउट ऋतुराज धाकड़ एवं सचिन धाकड़, अशासकीय मॉडर्न कान्वेंट स्कूल जाटखेड़ा श्योपुर से गाइड अवनी गर्ग एवं स्काउट प्रणय गुप्ता, अशासकीय चिल्ड्रन पैराडाइस स्कूल माधोराजपुरा से गाइड शांभवी बाजपेई, अशासकीय धुरव स्टार कान्वेंट स्कूल से गाइड दीपा प्रजापति, अशासकीय अल्फा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर से गाइड खुशी मंगल, रोवर जतिन शिवहरे, जिला दल नेता दिवाकर कटारे एवं उप जिला दल नेता रंजना रावत शामिल है। यह दल सर्वप्रथम 18 नवंबर को संभागीय प्रशिक्षण केंद्र जिंगनी मुरैना पहुंचकर 3 दिवसीय पूर्वअभ्यास शिविर में शामिल होगा। तत्पश्चात 21 नवंबर को ट्रेन द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगा।



# 55 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना पुलिस ने 55 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को अरेस्ट किया है। कराहल टीआई यासमीन खान ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दिनेश शर्मा (ढिगर्रा) पुत्र सुरेशचंद तथा धर्मेंद्र उर्फ राका कुशवाह पुत्र नथोई निवासी कस्बा कराहल को पकड़ा। जिनके कब्जे से हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब 55 लीटर कीमती 5500 रूपए जब्त की गई। दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में कराहल टीआई के अलावा सउनि रामवरन सोलंकी, प्रआर हेमंत रावत, आर चन्द्रशेखर शर्मा, आर विकास शर्मा, खालिद खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एसआईआर: बीएलओ और सचिव की धमकियों से नाराज आशा-उषा कार्यकर्ता धरने पर बैठीं

गुना। आशा उषा आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को जिले में आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल कर शास्त्री पार्क, जिला अस्पताल के सामने धरना दिया। हड़ताल का मुख्य कारण प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होना, एसआईआर सर्वेक्षण में जबरन कार्य कराने का दबाव और कई महीनों से बकाया वेतन भुगतान है, जिससे प्रदेशभर की आशा कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ गया है। जिलाध्यक्ष मिथलेश गोस्वामी ने बताया कि बीएलओ और पंचायत सचिवों द्वारा आशा कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है कि यदि वे एसआईआर सर्वेक्षण नहीं करेंगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आशाओं को रात में प्रसूताओं की डिलेवरी करानी पड़ती है और सुबह उन्हें सर्वेक्षण के लिए भेज दिया जाता है, जो पूरी तरह अनुचित और अमानवीय है, क्या उनका परिवार नहीं? लगातार बढ़ते कार्यभार और भुगतान न मिलने से प्रदेश की आशा-ऊषा कार्यकर्ता गंभीर आर्थिक संकट में हैं।

# शहर के ब्लैक स्पॉट पर दिया सड़क हादसे में घायल लोगों की जान बचाने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर श्योपुर में बडौदा रोड पर नब्बन मार्केट से खातौली तिराहा होते हुए एचपी पेट्रोलपंप के क्षेत्र को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है,क्योंकि यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। मंगलवार को इसी क्षेत्र में डॉक्टर रवि तोमर की टीम द्वारा सीपीआर एवं बीएलएस के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए दुर्घटना में घायल लोगों की जान बचाने का तरीका बताया। यह प्रशिक्षण पुलिस की डायल 112 के पुलिसकर्मी व चालक तथा ब्लैक स्पॉट के आसपास के रहवासी एवं दुकानदारो दिया गया।

दरअसल पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश भर में चिन्हित ब्लैक स्पॉटो (दुर्घटना जनित क्षेत्र) के आसपास रहने वाले और कार्यरत कर्मचारियों को जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को खातौली तिराहे पर डॉ रवि तोमर की टीम द्वारा ब्लैक स्पॉट के आसपास निवासरत लोगों तथा दुकानदारों को एवं 112 पर पदस्थ चालक एवं कर्मचारियों को सीपीआर एवं बीएलएस के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक जीवन रक्षक सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाना है जब तक की मेडिकल टीम मौके पर न पहुंच जाए। प्रशिक्षण में थाना प्रभारी यातायात संजय सिंह राजपूत, एएसआई देवेंद्र जादौन, प्रआर वीर सिंह भदोरिया एवं आसपास के दुकानदार एवं रहवासी सहित कुल 25 लोग सम्मिलित हुए।



### पूरे जिले में सिर्फ दो ब्लैक स्पॉट

खास बात यह है कि पुलिस प्रशासन की ओर से पूरे श्योपुर जिले में सिर्फ दो स्थल ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर रखे है। जिनमें एक ब्लैक स्पॉट तो कोतवाली थाना क्षेत्र में बडौदा खातौली रोड के रूप में चिन्हित किया गया है। जबकि दूसरा स्पॉट ढोढर थाना क्षेत्र में चांदीपुरा की पुलिया के रूप में चिन्हित है। विशेष बात यह है कि इन दोनो स्थानों के अलावा जिले में अन्य कई जगहों पर भी आए दिन सडक हादसे घटित होते रहते है, लेकिन उन स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित क्यों नहीं किया गया है,यह एक विचारणीय प्रश्न है।

### फसल के मुआवजा की मांग को लेकर श्योपुर विधायक ने शुरू की भूख हड़ताल

# विधायक बोले जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक वह हड़ताल पर बैठे रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किसान प्राकृतिक आपदा से बर्बाद हो चुका है उसे रबी फसल की बुवाई करने का अवसर भी नहीं मिल रहा है। इस समय किसान के सामने जिस तरह के बुरे हालातों का सामना किसानों को बहुत कम करना पड़ा है। ऐसी स्थिति में सरकार किसानों मुआवजा देकर संबल बनना चाहिए था लेकिन वह किसानों को मुआवजा तो छोड़ो बीमा योजना के तहत क्लेम भी एहसान थोप कर दिलाना चाहती है। कांग्रेस विपक्ष में होने के नाते इस मांग को संवैधानिक तरीके से उठाती है तो उसे रोकने के लिए निषेधाज्ञा लगाई जाती है और प्रशासन को किसानों का काम करने से रोका जा रहा है। भाजपा देश और प्रदेश में संवैधानिक व्यवस्था से नहीं बल्कि तानाशाही प्रणाली से सरकार चलाना चाहती है। यह बात मंगलवार को पटेल चौक पर किसान कांग्रेस द्वारा चल रहे धरने पर भूख हड़ताल करने पहुंचे विधायक बाबू जंडेल ने प्रेस वार्ता करते हुए कही।

विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि वह किसानों की लड़ाई हमेशा लड़ते आए हैं और जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक वह भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे भले ही उनके प्राण चले जाएं लेकिन वह अपना आमरण अनशन नहीं त्यागेंगे। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के सामने तो उनका मसीहा बनने का स्वांग रचते हैं लेकिन जब किसानों के हित की बात आती है तो चुप्पी साथ लेते हैं। आज डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी वे किसानों को मुआवजा तो छोड़ो बीमा राशि का क्लेम भी नहीं दिलवा रहे हैं। जिसकी किस्त किसानों से बिना पूछे उनके बीमा कंपनी ने उनके खातों से काट ली गई है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को डर है कि अगर किसानों को मुआवजा दिया तो विधायक बाबू जंडेल दोबारा से चुनाव जीत जाएगा पर विधायक बाबू जंडेल चुनाव जीतने के लिए नहीं आमजन की सेवा करने के लिए बना है और इस सेवा के बूते जनता उन्हें विधायक बनाती है। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा आदि मौजूद रहे।




### 21 को श्योपुर में जुटेगा कांग्रेस के दिग्गजों का मेला

21 नवंबर को जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन होने जा रहा है जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी राज्यसभा सांसद अशोक सिंह भोपाल विधायक आरिफ मसूद भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया की स्वीकृति कांग्रेस को मिल चुकी है। सूत्रों की माने तो इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित एक दर्जन से अधिक कांग्रेस के दिग्गज नेता श्योपुर पहुंचेंगे हालांकि यह आयोजन राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान से जुड़ा हुआ है लेकिन कांग्रेस इसे फसल मुआवजा से जोड़कर आयोजित करेगी। किसान न्याय यात्रा के रूप में होने वाले इस आयोजन की तैयारी कांग्रेस ने शुरू कर दिए हाल के प्रशासन से निषेध आजा लागू होने के चलते उन्हें परमिशन मिलेगी या नहीं मिलेगी यह तो अभी इस पर भी संदेह है लेकिन कांग्रेस परमिशन मिले या ना मिले कार्यक्रम करने पर उतारू है।



### कलेक्ट्रेट पहुंचने से पहले पुलिस ने रोका दंडवत लगाते किसानों को

उधर कुछ युवा किसान बे मौसम बारिश से हुई फसल क्षति का मुआवजा की मांग को लेकर दंडवत लगाते कलेक्ट्रेट पहुंच रहे थे जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक कर उनके अभियान को विराम लगा दिया। युवा किसान नेता मुकेश मीणा एवं कुछ अन्य युवा किसान फसल मुआवजा की मांग को लेकर पूर्व घोषणा के अनुसार श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर से कलेक्ट्रेट तक दंडवत लगाते रवाना हो गए। यह युवा किसान दंडवत लगाते कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ भी गए थे लेकिन रास्ते में चौकी ढाणी के पास पुलिस ने उन्हें रोक लिया। एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने उन्हें जिले में निषेधाज्ञा लागू होने की बात बताते हुए आगे कार्यक्रम जारी करने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस की युवा कार्यकर्ताओं के साथ बहस भी हुई लेकिन पुलिस ने उनकी बात अनसुनी करते हुए मौके पर ही एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को बुलाकर ज्ञापन दिलवा दिया।

# हत्या के चारों आरोपी मानपुर पुलिस ने अरेस्ट कर पहुंचाए सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जमीनी विवाद को लेकर हुए मर्डर के चारों आरोपियों को मानपुर थाना पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। दो आरोपियों को मानपुर थाना पुलिस पहले ही अरेस्ट करके जेल भेज चुकी है। शेष दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को अरेस्ट करके सलाखों के पीछे भेज दिया है। मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव ने बताया कि सुदीप चौहान की हत्या के मामले में चार आरोपियों दिलखुश मीणा,गप्पू उर्फ रामअवतार मीणा, राजेन्द्र मीणा, सुरेश मीणा निवासी क्यारपुरा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें दो आरोपियों को घटना के दूसरे ही दिन अरेस्ट करके जेल भेज दिया था, वहीं शेष दो आरोंपियों को मंगलवार को अरेस्ट कर लिया है। जिन्हें भी जेल भेज दिया गया है। जेल भेजने से पहले आरोपियों के कब्जे से लाठी और तलवार भी जब्त कर ली गई है।



# विमुक्त घुमक्कड़ और अर्ध घुमक्कड़ जाति के प्रमाण पत्र न देने वाले अधिकारियों पर की जाए कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ की श्योपुर जिला इकाई ने मंगलवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम एक ज्ञापन सौंपकर जिले के उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, जो विमुक्त घुमक्कड़ और अर्ध घुमक्कड़ जाति के प्रमाणपत्र जारी करने में देरी कर रहे हैं।

महासंघ के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार बंजार की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि शासन के द्वारा विमुक्त घुमक्कड और अर्ध घुमक्कड जनजाति वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए अलग से मंत्रालय का गठन किया गया है और इनके जाति प्रमाणपत्र का सरलीकरण किए जाने के आदेश भी दिए गए है। लेकिन इसके बाद भी श्योपुर जिले में पदस्थ अधिकारी इनके जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक नियम बताते हुए बिना मतलब की देरी कर रहे है। लिहाजा ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अन्यथा 15 दिन में इस मामले में कार्रवाई न होने पर समाज की बैठक आयोजित करके कार्रवाई की आवाज बुलंद की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूहाना निवासी धर्मलाल लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रणवीर लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तमाशा चक्क निवासी भूरी बाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल और सरदार बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निदान पुर निवासी कलियाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बबलीबाई और अशोक अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई और ट्रैक्टर से हमला किया

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत विनोद जैन पुत्र हरीश चन्द्र जैन लाईन परिचालक केन्द्र नईसरायं ने रिपोर्ट दर्ज क राई है कि ग्राम बमुरिया रेंझा घाट की टगर में बलवीरसिंह यादव की पत्नी एवं पुत्र वधु तथा रंजीत यादव ने शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई और ट्रेक्टर से उस पर हमला किया।

### आजाद खान का शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के प्रतिवेदन के आधार पर आजाद खान पिता अलीम खान निवासी कोलुआ थाना देहात हॉल आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर के विरूद्ध 10 अपराध प्रकरण दर्ज होने पर अवर्जित 32 बोर पिस्टल शस्त्र लायसेंस निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने को दृष्टिगत रखते हुए एवं लोक शांति की दृष्टि से आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3) के तहत शस्त्र लायसेंस के निलंबन की कार्यवाही की गई।

### अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया

**ईसागढ़।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति द्वारा अन्नकुट भंडारे का किया आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए। दोपहर 3:00 बजे से अन्नकूट भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें करीब 5000 लोगों को प्रसाद वितरण करने का लक्ष्य लिया। हिंदू उत्सव समिति करीब 10 वर्षों से अन्नकूट भंडारे का आयोजन कर रही है। जिसमें नगरवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित होकर अन्नकूट प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## अनदेखी से आदिवासियों की जमीन खुर्दबुर्द करने में जुटा भू-माफिया

# जमीनों पर डाका, प्रशासन मूकदर्शक सहरिया क्रांति छेड़ेगी चरणबद्ध आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



जिला इन दिनों आदिवासी भूमि खुर्दबुर्द करने वाले शातिर गिरोहों का केंद्र बन चुका है। सहरिया समुदाय की विक्रय से वर्जित जमीनों पर समानान्तर नेटवर्क के जरिए भारी पैमाने पर फर्जीवाड़ा चल रहा है, और प्रशासन की भूमिका शर्मनाक तरीके से मूकदर्शक बनी हुई है। हालात इतने भयावह हैं कि पूरे प्रदेश में शिवपुरी को सहरिया शोषण का हब कहा जाने लगा है।

सूत्रों के मुताबिक, तहसील दफ्तर से लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय और कमिश्नरी तक कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से सहरिया जमीनों की फर्जी खरीदी-बिक्री का खेल खुलेआम चल रहा है। भूदान की जमीनें, दशकों पुराने पट्टे, और विक्रय से पूर्णतः प्रतिबंधित सहरिया भूमि सबकुछ ह्यनिगमोंह्न की तरह बेच दिया गया। पीड़ित आदिवासियों की पुश्तैनी जमीनें कागजों में पल भर में किसी और की हो जाती हैं, जबकि प्रशासन चुपचाप देखता रहता है। इन्हीं निरंकुश हालात से आहत होकर सहरिया क्रांति ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का फैसला लिया है। संगठन ने घोषणा की है कि पहले जिला कलेक्टर कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा, इसके बाद कमिश्नरी पर एक दिवसीय धरना, और अंत में भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास घेरकर अंतिम लड़ाई लड़ी जाएगी। यह आंदोलन चरणबद्ध, मजबूत और न्याय पाने की लड़ाई का निर्णायक कदम माना जा रहा है। सहरिया क्रांति के संयोजक संजय बेचैन ने दावा किया कि पिछले 25 साल, यानी सन 2001 से लेकर आज तक सहरिया समुदाय की विक्रय से वर्जित जमीनों का जो भी फर्जी हस्तांतरण हुआ है, यदि इसकी जांच देश की बड़ी एजेंसियों से कराई जाए तो 85 प्रतिशत मामले फर्जी दस्तावेज़ों और मिलीभगत के आधार पर पाए जाएंगे। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं एक पूरी जाति के अस्तित्व पर हमला है।

संजय बेचैन का आरोप है कि शिवपुरी में एक समानान्तर ह्यलैंड माफिया नेटवर्कह्न सक्रिय है, जो गरीब और अशिक्षित आदिवासियों को छलकर उनकी जमीनें हथियाने में माहिर है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस नेटवर्क के तार प्रशासनिक तंत्र के कुछ कर्मचारियों तक जाते हैं, जो भू-माफिया को सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं। जमीनों की इस लूट ने सहरिया समाज की पीढ़ियों की कमर तोड़ दी है। अब यह लड़ाई सिर्फ जमीन की नहीं, बल्कि अस्तित्व, सम्मान और न्याय की लड़ाई बन चुकी है। सहरिया क्रांति का यह उग्र आंदोलन शिवपुरी ही नहीं, पूरे प्रदेश की सत्ता और प्रशासन को कठघरे में खड़ा करने वाला साबित होगा। अब देखने वाली बात यह है कि सरकार जागती है या फिर माफिया का दंश और गहरा होता जाता है।




## गेहूं बोवनी के लिए तैयारियां जारी

# अन्नदाताओं ने कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी से ली वैज्ञानिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

तहसील पिछोर के ग्राम नावली निवासी किसान मनिराम गुर्जर तथा परमाल सिंह गुर्जर ने आगामी रबी सीजन में गेहूं की बोवनी हेतु वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने का संकल्प लेते हुए कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी का दौरा किया। किसान ने केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.के. भार्गव से खाद एवं बीज की उपयुक्त मात्रा तथा मिश्रण के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त किया।

डॉ. भार्गव ने किसानों को बताया कि गेहूं फसल के लिए अनुशंसित और संतुलित मात्रा में खाद एवं उर्वरकों का करे प्रयोग जिससे भरपूर उत्पादन हो। डीएपी के विकल्प के तौर पर एनपीके का उपयोग करे। गेहूं की बोवनी के लिए प्रति बीघा या एकड़ भूमि में कितना बीज एवं किस प्रकार की खाद का उपयोग किया जाना चाहिए, इसके स्पष्ट मानक हैं। उन्होंने उर्वरकों की मात्रा और समयबद्ध प्रयोग की विधि समझाई। साथ ही उन्होंने फसल की प्रारंभिक सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण तथा रोग-कीट प्रबंधन के विषय में भी व्यवहारिक सलाह दी।

किसानों ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र से मिली यह जानकारी अत्यंत उपयोगी रही। अब वह अपनी फसल में वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग करेंगे ताकि बेहतर उत्पादन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि डॉ. भार्गव ने उन्हें विस्तृत जानकारी न केवल मौखिक रूप से दी, बल्कि उसे लिखित रूप में भी प्रदान किया जिससे खेत में उसका सीधा उपयोग किया जा सके।

# स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी क्लीनिक में नहीं हैं पर्याप्त सुविधाएं, रोगी होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मरीजों को और उनके परिवार जनों को समय पर उपचार मिले इसको लेकर शासन ने तमाम योजनाएं चला रखी हैं। इन्ही योजनाओं के तहत रोगियों को कम दूरी तय करने पर इसके लिए आरोग्य धाम तथा शहरों में प्रधानमंत्री संजीवनी क्लीनिक और जिला मुख्यालय पर शहरी स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं।

शहर की दो सबसे बड़ी मध्यम वर्ग की वस्तीयों के बीच शहरी स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया गया था। यह केन्द्र थूवोन सड़क मार्ग पर संचालित है जिसमें एक डॉक्टर सहित 4 नर्सिंग स्टाप और अन्य चिकित्सा कर्मचारी हैं। जब मौके पर देखा तो पता चला कि डॉक्टर 3 माह से इस केन्द्र पर आए ही नहीं। नर्सिंग स्टॉप अपनी सूझबूझ से और ज्ञान के अनुसार मरीजों का उपचार कर रहे है। नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि यहां पर 200 प्रकार की दवाईयां उपलब्ध हैं। जबकि शासकीय स्तर पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर 360 प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहना चाहिए। सभी रोगों की जांच करने वाले उपकरण भी होने चाहिए। यहां जिले में संचालित एएनएम सेंटर की 8 प्रसूती नर्सिंग स्टाफ को भी ट्रेनिंग दी जा रही है।

इसी प्रकार नए वस स्टेण्ड के ग्राउन्ड में प्रधानमंत्री संजीवनी क्लीनिक की स्थापना की गई है। संजीवनी क्लीनिक पर पदस्थ डॉक्टर हरिओम धाकड़ ने बताया कि हमारे क्लीनिक में स्टाफ की कमी है। कईं उपकरणों की भी आवश्यकता है। इसके लिए हमारे द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग को कईं पत्र लिखे गए हैं परन्तु उक्त उपकरणों की आपूर्ति नहीं हो पाई है। हमारे यहां पर कम्प्यूटर सिस्टम खराब पड़ा हुआ है जिससे हम जननी स्वास्थ्य केन्द्र की जानकारी एप्प पर अपलोड नहीं कर पाते हैं। हमें जो शासन की ओर से गाईडलाइन हैं उस अनुसार लाभ नहीं मिल पाता जबकि हम शासन की गाईडलाइन अनुसार कार्य करते हैं। संजीवनी स्वास्थ्य केन्द्र में रोगियों को उपचार के दौरान डॉक्टर की सलाह पर यदि उसे इंजेक्शन लगवाना है तो उसे थूवोनजी रोड स्थित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाना पडता है। इस तरह की कईं समस्याएं बताई गईं।

### गोशाला में जाकर सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया

**अशोकनगर।** पंजाबी महिला विकास समिति ने गुना रोड पर स्थित गोशाला में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान गोशाला में आश्रित गायों को गुड़, गजक, केला और हरा चारा खिलाया गया। तिलक लगा कर और माला पहनाकर गाय माता की पूजा की गई। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने बताया कि सेवा ही उनका मुख्य संकल्प है।जैसे सर्दियों में गायों को अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है इसलिए गुड़ और हरे चारे का वितरण किया जा रहा है। गाय हमारी संस्कृति और समाज का प्रमुख हिस्सा है । हम चाहते है कि किसी भी गाय को भूखा न रहना पड़े।

# श्रीमद् भागवत गी का ज्ञान फेसबुक, व्हाट्सएप किसी यूनिवर्सिटी से नहीं मिलता: देवी चित्रलेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा



करैरा के पावन बगीचा धाम में आज से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही दूर-दूराज के गाँवों-शहरों से हजारों श्रद्धालु राधे-राधे के जयघोष करते हुए पंडाल में पहुँचने लगे। प्रसिद्ध कथावाचिका देवी चित्रलेखा जी जब मंच पर पधारीं तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

सबसे पहले उन्होंने माँ बगीचा देवी के मंदिर में दर्शन किए, माथा टेका, फिर व्यासपीठ पर विराजमान होकर दीप प्रज्वलन और माँ भागवती की आरती की। आरती के बाद पूरा पंडाल एक स्वर में ह्नराधे-राधे, गोविंद-गोविंद राधेह्व के जयकारों से गूंज उठा। चित्रलेखा जी ने हाथ जोड़कर सभी का स्वागत किया और कहा, ह्नआज से सात दिन तक यह स्थान साक्षात वृंदावन धाम बन जाएगा। कथा का ऐसा रस बरसेगा कि आपका मन यहाँ से हटने का नाम ही नहीं लेगा, लेकिन याद रखिए झ यह वृंदावन आपकी श्रद्धा से बनेगा। जितनी श्रद्धा आप लाएँगे, उतना ही रस यहाँ बरसेगा।ह्व उन्होंने स्पष्ट किया कि भागवत का ज्ञान फेसबुक, व्हाट्सएप या यूट्यूब यूनिवर्सिटी से नहीं मिलता; इसके लिए सात दिन तक निरंतर श्रवण करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि भागवत में अठारह हजार श्लोक हैं और यह ग्रंथ भगवान श्रीकृष्ण को पाने का सबसे सरल मार्ग है। ह्नजब हम किसी वस्तु के गुण सुनते हैं तो उसके प्रति लालच जागता है, ठीक वैसे ही जब भागवत के गुण सुनते हैं तो मन में भागवत सुनने की तीव्र अभिलाषा जागनी चाहिए। पर भागवत लालच नहीं कराती, वह तो प्रेम की प्यास जगाती है।ह्व उन्होंने कहा, ह्नअगर आज पहले दिन ही आपका मन कथा में लग रहा है तो समझिए यह साक्षात भगवान की कृपा है। पूर्व जन्मों के कर्म आपको यहाँ आने से रोकते हैं, फिर भी आप यहाँ बैठे हैं झ यह कोई साधारण बात नहीं।ह्व कथा सुनते हुए कई श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए, आँखों से आँसू बह रहे थे। चित्रलेखा जी ने आशीर्वाद दिया कि जो सात दिन तक यह कथा पूरी श्रद्धा से सुनेगा, उसके जीवन के सारे दुख-कष्ट, सारे पाप माँ भागवत स्वयं हर लेंगी और उसे श्रीकृष्ण-प्राप्ति का वरदान मिलेगा।

## डीपीसी ने करेरा में ओलंपियाड परीक्षा का निरीक्षण किया



**करैरा।** ओलंपियाड परीक्षा वर्ष 2025_26 के अंतर्गत परीक्षा केंद्र हायर सेकेंडरी स्कूल सिरसौद एवं उत्कृष्ट विद्यालय करेरा पर आयोजित होने वाली परीक्षा का जिला परियोजना अधिकारी दफेदार सिंह सिकरवार ने आज निरीक्षण किया। जिसमें सिरसौद हायर सेकेंडरी स्कूल में कुल दर्ज 644 छात्रों में से 537 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, वहीं उत्कृष्ट विद्यालय करेरा में कुल दर्ज 591 छात्रों में से 477 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। इस दौरान डीपीसी श्री सिकरवार ने छात्रों को ओएमआर शीट एवं ओलंपियाड परीक्षा के बारे में विस्तार से चर्चा कर समझाया और छात्रों की प्रशंसा करते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निरंतर बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस प्रकार की परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। निरीक्षण के दौरान एपीसी हरीश शर्मा, बीआरसी करेरा विनोद तिवारी, उत्कृष्ट विद्यालय करेरा के संकुल प्राचार्य अरविंद यादव सहित बीएसी, सीएसी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं जिसमें 5 लोग घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना रात्रि में ग्राम खिरिया से अशोकनगर आते समय एक स्कूटी चालक में पीछे से बुलेरो वाहन ने टक्कर मारी जिसमें दो लोग घायल हुए हैं जिसमें से एक का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है दूसरे को गुना भेजा है। जिला अस्पताल में उपचार करा रहे जीवन नामदेव निवासी वृन्दावन कॉलोनी अशोकनगर इसी वाहन पर जीवन के साथ खिरिया गांव के मंगी सरदार भी बेठकर अशोकनगर आ रहे थे तभी देहात थाने से पहले मैरिज गार्डन के समीप स्कूटी वाहन में बुलेरो वाहन टक्कर मारकर चली गई जिसमें यह दोनो लोग घायल हो गए।

इसी प्रकार दूसरी घटना सोमवार सुबह 10 बजे की है। एक ऑटो वाहन में बैठकर 3 शिक्षिकाएं और बच्चे ग्राम सहोदरी प्राथमिक विद्यालय को जा रहे थे जब यह वाहन मैरिज गार्डन के समीप से गुजर रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रक को बचाते समय ऑटो ने साईड लेते समय सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में शिक्षिका ज्योति शर्मा पति दिनेश शर्मा, शिक्षिका रमा ठाकुर पति रामवीर सिंह धाकड़, शिक्षिका पूनम पति योगेश सराटें घायल हो गईं। जिन्हें 112 वाहन से जिला असपताल में भेजा गया। सभी घायलों को सड़क किनारे एक दुकान संजीव एग्रो के कर्मचारी दुकान खोल रहे थे उसी समय यह घटना हुई। संजीव ओझा ने बताया कि सामने से एक ट्रक आ रहा था उसी दौरान साइड लेते समय ऑटो पलट गया। ऑटो में 3 महिलाएं और 3 बच्चे और वाहन चालक बैठा था सभी वाहन के नीचे दबे हुए थे हमने तुरंत जाकर वाहन से महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला। सभी लोग सुरक्षित हैं।


### *नगरीय निकायों में गीता भवन के लिए भूमि का चिन्हांकन कर भूमि आवंटन के प्रस्ताव भेजने के निर्देश*

*अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के अंतर्गत आवास योजना के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर पात्रता अनुसार पात्र हितग्राहियों की डीपीआर शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत नगरीय निकायों को शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार आवेदन बैंकों में तत्काल भेजें तथा पूर्व से बैंकों में वितरण हेतु लंबित प्रकरणों में राशि वितरण कराकर निराकरण करें। समस्त नगरीय निकायों में गीता भवन बनाये जाना है इसके लिये भूमि का चिन्हांकन कर भूमि आवंटन के लिये प्रस्ताव भेजें। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करायें। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। अमृत हरित पौधरोपण महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण की प्रगति बढाये जाने के निर्देश दिये गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सडक एवं नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देकर सफाई कार्य का कराया जाए। उन्होंने नगरीय निकाय द्वारा राजस्व बसूली की प्रगति कम होने पर वसूली बढाये जाने के निर्देश दिये गये। सभी प्रतिष्ठानों,सरकारी और निजी का अग्नि सुरक्षा ऑडिट प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें। शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 लागू किये गये है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिये कॉलोनियों का विकास हेतु कॉलोनी की विकास अनुमति प्राप्त करने हेतु कलेक्ट्रेट में सिंगल बिंडो प्रारंभ की गई है इसके माध्यम से उक्त अनुमतियां प्राप्त की जा सकती है। बैठक में समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित उपयंत्री तथा संबंधित शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।*

## मुनिश्री सुधासागर महाराज ने थूवोनजी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा...

# जिंदगी की इतनी आवश्यकता है कि एक पूरा करो दूसरी खड़ी है सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रायः व्यक्ति काम चलाऊ जिंदगी के लिए ही सोचता है जिंदगी की इतनी आवश्यकता है कि एक को पूरा करो दूसरी सामने खड़ी है। एक को आप पूरा करते ही दूसरी आवश्यकता तैयार हो जाती है एक के बाद बड़ती चलीं जाती है यानी मन बदलता रहता है। ऐसे ही हम निगोद में थे वह सोचते तस वन जाये पंच इन्द्रीयो को प्राप्त कर लिया इसके बाद सभी मनुष्य पर्याय को प्राप्त करने का संघर्ष चलता रहा। आज हमें मानव जन्म मिला है इसको हमें भोग विलास में नहीं गवाना तेरी इच्छाएं कभी खत्म नहीं होगी इन इच्छाओ पर नियंत्रण करके कुछ ऐसा करो कि जगत में रहते हुए आपकी कीर्ति बड़े और ऐसा परमार्थ करना की ये मानव जीवन सफल हो सकें।

**आचार्य श्री ने कभी नहीं कहा कि वे अपने गुरु के सामने ऊंचे आसन पर बैठे** उन्होंने कहा कि मान लो जंगल में तुम्हारी गाड़ी की लाइट चली गई तो क्या करना लाइट बाली गाड़ी निकले तो उसके पीछे अपनी गाड़ी लगा देना तुम अपने गन्तव्य को प्राप्त कर लोगे। ऐसे ही तुम मुनि महाराज तो नहीं वन सकते लेकिन महाराज जी के पीछे लगकर अपना कल्याण कर लेना। एक बार आचार्य श्री से मैंने प्रश्न किया गुरु महाराज ज्ञान सागर जी ने आपको गुरु वना दिया आपको ऊंचे सिंहासन पर विराजमान करके नीचे बैठ गये। उन्होंने कहा कि तुम लोगों को खुरापाती आतीं हैं हमने कहा गुरु सामने बैठे हैं।

**आज होगा तीर्थ क्षेत्र कमेटीयो का राष्ट्रीय नैमेतिक सम्मेलन** इस दौरान क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि कल दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में देश भर से तीर्थ क्षेत्र कमेटी पदाधिकारीगण आ रहे हैं। जहां मध्यान्ह में परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के सान्निध्य तीर्थ क्षेत्र कमेटीयो का राष्ट्रीय नैमेतिक सम्मेलन होगा। इस दौरान तीर्थ क्षेत्रों के विकास के साथ ही तकनीकी दृष्टि को सकारात्मक मोड़ पर ले जाने पर विशेष चर्चा होगी। साथ ही क्षेत्रिय कमेटीयां अपने अनुभव साझा कर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेंगी। इस सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री के विशेष सुरक्षा अधिकारी रहे पूर्व डीजीपी शांत कुमार विशेष रूप से पधार रहे हैं। दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़िया, संजीव श्रागर, धर्मेन्द्र रोकड़िया, संजीव जैन महामंत्री, मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेशकासंल महामंत्री राकेशअमरोद सहित अन्य प्रमुख जनों ने सभी से इस सम्मेलन में उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

### पहली बार श्रीसुधासागर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में देशभर की टीमे आएंगी-विपिन सिंघई

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंघई ने कहा कि अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में पहली बार परम पूज्य गुरुदेव के नाम से लीक से हटकर कोई अन्य गति विधि के रूप में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य रूप में आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में देशभर की सोलह प्रमुख तीर्थ क्षेत्र कमेटीयो को आमंत्रित किया गया है जिनको परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। सभी टीमें अठारह नम्बर को प्रातः साढ़े सात बजे क्रिकेट मैदान में एकत्रित होगी वहां मार्च पास्ट अपरान्ह परम पूज्य गुरुदेव को नमोस्तु किया जायेगा। इसके बाद राष्ट्र गान होगा एवं भव्य परेड के साथ समारोह की शुरुआत होगी। यहां टूर्नामेंट दो दिन तक चलेगा।